# डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, निम्बाहेड़ा

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## वार्षिक प्रतिवेदन 2019–20

राष्ट्रीय सेवा योजना के वार्षिक कैलेण्डर के क्रम में दोनों ईकाईयों के नवीन सत्र् का आरंभ 'मैं नहीं तुम' के आधार वाक्य से अनवरत जारी रहा। इसका प्राथमिक उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थी का व्यक्तित्व निर्माण करना है। सेवा योजना में कार्य करने वाले स्वयंसेवक खुद को समाज से जोड़ना और जुड़ना वर्षों से महाविद्यालय में सीख रहे हैं।

नवीन सत्र 2019–20 में राजस्थान में दस्तक देते मानसून के समय हरित राजस्थान सप्ताह का आयोजन जुलाई–अगस्त माह में वृक्षारोपण कार्यक्रम से हुआ, कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय उद्यान एवं परिसर में पौधारोपण कर 'एक स्वयंसेवक एक पौधा' लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लिया। पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण करने वाले स्वयसंवकों को पर्यावरण मित्र का दर्जा दिए जाने की प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा घोषणा की गई। सत्र् के आरंभ में नवीन स्वयंसेवकों के पंजीकरण का कार्य किया गया, जिसके लिए 24 जुलाई, 2019 तक पंजीकरण आवेदन मांगे गए। राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयंसेवको के लिए आमुखीकरण कार्यक्रम 26 जुलाई को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारियों ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, लक्ष्यों एवं कार्यों के बारे में बताया। साथ ही सत्र् 2019–20 की नियमित गतिविधियों की रूपरेखा का निर्धारण कर सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को किए जाने वाले कार्यों की जानकारी स्वयंसेवकों को दी गई।

सत्र् 2019–20 के लिए प्रथम एकदिवसीय शिविर का आयोजन 28 जुलाई 2019 को किया गया। एकदिवसीय शिविर में एनएसएस के उद्देश्यों, लक्ष्यो व कार्यों पर चर्चा की गई। शिविर में विद्यार्थियों ने श्रमदान किया और समाज सेवा व जागरूकता लाने का संकल्प लिया। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर के निर्देशों की पालना के क्रम में 8 अगस्त 2019 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं भारत छोड़ों आंदोलन की वर्षगांठ का आयोजन महाविद्यालय में एनएसएस के तत्वावधान में किया गया। ब्लॉक सीएमएचओ और चिकित्साकर्मियों के सहयोग से महाविद्यालय के 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के 104 विद्यार्थियों व स्वयंसेवकों को कृमि मुक्ति टेबलेट दी गई। इस अवसर पर भारत छोड़ों आंदोलन के संबंध में विचारगोष्ठी भी आयोजित हुई। 15 अगस्त, 2019 को स्वतंत्रता दिवस पर स्वयंसेवकों ने अपनी उपस्थिति दी और स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

24 सितंबर, 2019 को एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारियों ने इस अवसर पर स्वयंसेवकों को एनएसएस के संकल्पों से अवगत करवाया और वर्षभर किए जाने वाले कार्यों से स्वयंसेवकों को अवगत करवाया। 30 सितंबर, 2019 को रक्तदान के महत्व पर एक कार्यशाला भी आयोजित की गई एवं रक्तदान करने के संबंध में विद्यार्थियों से संकल्प पत्र भरवाकर नोडल महाविद्यालय, चित्तौड़ को भिजवाए गए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर दिनांक 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2019 के मध्य जिलाप्रशासन के सहयोग से गांधी सप्ताह मनाया गया, जिसमें सर्वधर्म सभा, प्रभात फेरी व अंतराष्ट्रीय अहिंसा का आयोजन किया गया एवं श्रमदान भी किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने अपनी उपस्थिति दी। 13 अक्टूबर, 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

18 अक्टूबर, 2019 को दैनिक गतिविधियों के क्रम में स्वयंसेवकों ने एनएसएस वाटिका में श्रमदान किया और श्रम के महत्व को जाना। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंति एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर एनएसएस की दोनों इकाइयों के तत्वावधान में सरदार पटेल एवं स्व. इंदिरा गांधी को याद कर राष्ट्रीय एकता को समर्पित संगोष्ठी का अयोजन हुआ। 6 नवंबर, 2019 को

विधिक सेवा सप्ताह के अवसर पर महाविद्यालय में विधिक सेवा कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा ढाका ने विधिक सेवा समिति व महाविद्यालय की एनएसएस ईकाईयों की ओर से आयोजित व्याख्यान में यह बताया कि हम सभी लोकतांत्रिक देश के नागरिक हैं और हमारा संवैधानिक दायित्व है कि हम सभी देश के कानूनों का पालन कर उसी के अनुरूप आचरण भी करें। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों व नियमित विद्यार्थियों को विशिष्ट अतिथि रणवीरसिंह शक्तावत ने बाल–विवाह का निषेध, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई, बालश्रम जैसे घृणित अपराध और रैगिंग कानूनों के बारे में जानकारी दी।

26 नवबंर, 2019 को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान के पालन एवं उसके आदर्शो को आत्मसात करने, उनकी रक्षा करने एवं मूल कर्त्तव्यों के पालन करने की शपथ दोनों ईकाईयों के स्वयंसेवकों ने ली। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा से प्राप्त निर्देशानुसार इस अवसर पर विविध प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, इसके तहत नोडल महाविद्यालय, चित्तौड़ में स्थानीय महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने संवैधानिक व्यवस्था में अम्बेडकर के योगदान विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों ईकाईयों का तृतीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन 16 दिसंबर, 2019 को किया गया, शिविर का आरंभ स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में श्रमदान करते हुए बास्केटबॉल मैदान की सफाई की, तत्पश्चात् आगामी सातदिवसीय शिविर की रूपरेखा तैयार की गई। सत्र् 2019–20 के राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों ईकाईयों का सातदिवसीय शिविर का आयोजन 20 दिसंबर से 26 दिसंबर, 2019 तक हुआ, प्रथम दिवस शिविर उद्घाटन उपरांत कार्य योजना तैयार कर विभिन्न दलों का गठन किया गया और गत सत्र के अनुभवों को कार्यक्रम अधिकारियों व स्वयंसेवकों द्वारा साझा किया गया गया। शिविर में सातों दिन जिन महत्वपूर्ण कार्यों को किया गया उनमें गोद ली हुई बस्ती में स्वच्छता एवं सामाजिक–शैक्षणिक स्तर सर्वे, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, हरीश आंजना शल्य चिकित्सा शिविर में समाज सेवा एवं श्रमदान रहा। इसके अतिरिक्ति विविधि सांस्कृतिक, साहित्यिक कार्यक्रमों एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिससे स्वयंसेवकों का व्यक्तित्व का निर्माण हो सके। सप्तदिवसीय शिविर के अंतिम दिन स्वयंसेवकों ने अपने अनुभवों को साझा कर सातों दिनों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सात दिवसीय कैम्प के दौरान स्वयंसेवकों ने श्री हरीश आंजना ऐज्यूकेशन सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित शल्य चिकित्सा शिविर में भी अपनी सेवाएं दी, ये कैम्प 25 दिसंबर से 2 जनवरी, 2020 तक आयोजित किया गया था। गणतंत्र दिवस पर स्वैच्छिक रूप से स्वयंसेवकों ने अपनी उपस्थिति दी।

| | |
|---|---|
|  |  |
| हरित राजस्थान सप्ताह में वृक्षारोपण | हरित राजस्थान में स्वयंसेवकों द्वारा वृक्षारोपण |

| | |
|---|---|
|  |  |
| 8 अगस्त 2019 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं भारत छोड़ों आंदोलन की वर्षगांठ का आयोजन | 8 अगस्त 2019 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं भारत छोड़ों आंदोलन की वर्षगांठ का आयोजन |
|  |  |
| 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर उपस्थित संकाय सदस्य | राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवक व नियमित विद्यार्थी |
|  |  |
| एकदिवसीय शिविर में श्रमदान करते स्वयंसेवक | प्राचार्य द्वारा 30 सितंबर, 2019 को रक्तदान के लिए प्रेरणा |

| | |
|---|---|
|  |  |
| 2 अक्टूबर को गांधी जयंती एवं अहिंसा दिवस पर रक्तदान हेतु संकल्पपत्र भरवाते हुए स्वयं प्राचार्य महोदय | 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ लेते स्वयंसेवक एवं नियमित विद्यार्थी |
|  राजस्थान पत्रिका patrika.com . चित्तौड़गढ़ . गुरुवार, 7 नवम्बर, 2019 पत्रिका<br>महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से व्याख्यान<br>**कानून की पालना संवैधानिक दायित्व**<br>पत्रिका लाइव रिपोर्ट |  |
| महाविद्यालय में 6 नवंबर को आयोजित विधिक सेवा सप्ताह | 26 नवंबर को संविधान दिवस पर संविधान एवं कर्त्तव्यपालन की शपथ लेते हुए स्वयंसेवक एवं संकाय सदस्य |
|  |  |
| 6 दिसंबर, 2019 डॉ. अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करने प्राचार्य महोदय एवं संकाय सदस्य | 6 दिसंबर डॉ. अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर उपस्थित स्वयंसेवक |




20 दिसंबर 2019 सातदिवसीय शिविर का आरंभ



सातदिवसीय शिविर में स्वयंसेवको द्वारा कारित श्रमदान




सप्तदिवसीय शिविर में महाविद्यालय परिसर से आयोजित जागरूकता रैली




गोद ली गई बस्ती इश्काबाद में स्वयंसेवकों द्वारा सामाजिक बुराईयों के विरूद्ध जागरूकता लाने हेतु आयोजित जागरूकता रैली

कार्यक्रम अधिकारी